# प्रदेश में फिर मानसून सक्रिय

## कई जिलों में तेज बारिश के आसार- आज शाम तक हो सकती है बारिश

**50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान**

**24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश**

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 1 अगस्त. मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा.**

भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन और आसपास के इलाकों में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है, जबकि ग्वालियर, जबलपुर और शहडोल संभाग के कई जिलों में भी अच्छी बारिश हो सकती है. कुछ जिलों में गरज-चमक, बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का भी अनुमान है.



मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसूनी ट्रफ दक्षिण राजस्थान से होकर मध्य भारत की ओर सक्रिय बनी हुई है. इसके साथ ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण और अरब सागर से लगातार मिल रही नमी के कारण प्रदेश में बादलों की आवाजाही बनी हुई है. यही वजह है कि अगले कुछ दिनों तक अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है. 3 अगस्त से पूर्वी और मध्य मध्य प्रदेश में बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं.

बीते 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग में अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई, जबकि ग्वालियर, जबलपुर और शहडोल संभाग में कई जगह अच्छी वर्षा हुई. चंबल, रीवा और सागर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे अधिक वर्षा डिंडौरी जिले के घुघरी क्षेत्र में 96 मिमी रिकॉर्ड की गई. गोहपारू, पाटी, करंजिया, नेपानगर और खजुराहो समेत कई स्थानों पर भी अच्छी बारिश हुई.

> राजधानी भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे और कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश हुई. पिछले 24 घंटे में शहर में 20.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई. अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा. हवा में नमी करीब 95 प्रतिशत रहने से उमस महसूस हुई. रविवार सुबह तक भी आसमान में बादल छाए रहने, गरज-चमक के साथ बारिश होने और अधिकतम तापमान 29 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है. खजुराहो 36 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा, जबकि ग्वालियर, रीवा और सीधी में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया.

## भाजपा विधायक महेंद्र यादव के आवास परिसर स्थित मंदिर में चोरी

**शिवपुरी, 1 अगस्त.** जिले के कोलारस विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक महेंद्र सिंह यादव के निवास परिसर में स्थित मंदिर में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. चोर राधा कृष्ण की प्रतिमा के हार और कंगन चोरी कर ले गए जबकि उनके कर्मचारी की एक मोटरसाइकिल ले जाने का प्रयास किया लेकिन उसे बाद में वहीं छोड़कर फरार हो गये. इंदार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा कोलारस अनु विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है.

## मंत्रालय के गलियारे से

### ....और ताकतवर हो गए एसीएस

कन्हैया लोधी

पिछले दिनों मंत्रालय में कुछ बड़े अफसरों के तबादले हुए. इस तबादले को नई जमावट से जोड़कर देखा जा रहा है. नए सीएस अब अपने हिसाब से अफसरों को तैनात कर रहे हैं, आखिर प्रशासन में कसावट की जवाबदेही भी उनकी है. इस तबादले में कई निर्णय अप्रत्याशित भी थे. ऐसा ही एक मामला निवेश से जुड़े विभाग का है. यहां पदस्थ साहब बेहद निश्चिंत थे, कि अगली जीआईएस की कमान उनके कंधे पर ही होगी, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया. अब ये जिम्मेदारी एक ऐसे अफसर को सौंप दी गई है, जिनकी तूती मंत्रालय के गलियारों में पहले ही बोल रही है. अब ये साहब और ताकतवर हो गए हैं.



#### कलेक्टरी को ना

पिछले दिनों एक महिला कलेक्टर को एक जिले से दूसरे जिले की कमान सौंप दी गई. जाहिर है कि सरकार का उनपर पूरा भरोसा था. लेकिन उन्होंने कलेक्टरी को ना कह दिया. दरअसल इस मामले में सरकार ने पूरी मानवीयता दिखाई. मैडम कलेक्टर ने उनकी नई पोस्टिंग होते ही जीएडी के आला अफसर से आग्रह किया कि उन्हें ये जिम्मेदारी नहीं दी जाए. उन्होंने इसके पीछे प्रेग्नेंसी को वजह बताई. उनके मुताबिक इस अवस्था में इस तरह की जिम्मेदारी पूरी जवाबदेही के साथ निभाने में दिक्कत आ सकती है. इस फिर क्या था कि सरकार ने इस मामले में पूरी संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें भोपाल में ही दूसरी जिम्मेदारी दे दी.

#### नजरबंदी के मायने

दतिया विधानसभा उपचुनाव में मतदान के बाद अब मतगणना की बारी है, लेकिन मतदान के दिन ग्राउंड जीरो के एक घटनाक्रम ने कई सवालों को जन्म दे दिया. दरअसल भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा जिनके इर्द- गिर्द ही पूरा चुनाव लड़ा गया, उनके कई विश्वस्त सिपहसालारों को नजर बंदी के माहौल में रखा गया. अब राजनीतिक विश्लेषकों को ये समझ नहीं आ रहा है कि जब मिश्रा जी पूरी शिद्दत से चुनाव मैदान में कमान संभाले हुए थे, तो फिर भला उनके समर्थकों से संगठन को क्या परेशानी थी. कारण जो भी हो, चुनाव परिणाम के दिन ये साफ हो ही जाएगा कि असली वजह क्या थी.

#### पूर्व जिलाध्यक्ष और मौजूदा जिला अध्यक्ष दोनों ही कटघरे में

राजनीति के मामले में बेहद जागरूक महाकौशल के एक बड़े जिले में भाजपा के मौजूदा और पूर्व दोनों ही जिलाध्यक्ष की मुश्किलें आने वाले दिनों में बढ़ सकती है. दोनों ही पूर्व विधायक भी हैं और एक तो राज्यमंत्री का सुख भी भोग चुके हैं, लेकिन जिले के चर्चित चावल घोटाले के आरोपी के साथ पूर्व राज्यमंत्री की गलबहियां ही काफी नहीं है, जिले के चर्चित डबल मनी मामले को लेकर भी उनपर गंभीर आरोप लगे हैं, इधर दूसरे पूर्व जिलाध्यक्ष के यहां डबल मनी के आरोपी की कार मिलने की घटना से अब उन पर भी सवाल उठने लगे हैं. सवाल पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष ने उठाए हैं तो फिर सवाल को हल्के में भी नहीं लिया जा सकता. अब देखना है कि नतीजा क्या सामने आता है.

# कलेक्टर ने अभिभावकों से किया संवाद

**धार 1 अगस्त. कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने शनिवार को कन्या शिक्षा परिसर का औचक भ्रमण कर विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकों से सीधा संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई, यूनिफॉर्म, किताबों की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, आवास, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा अभिभावकों के सुझाव सुने.**

श्री मीना ने संवाद के दौरान जब अभिभावकों ने परिसर में पेयजल (पानी) की किल्लत की शिकायत रखी, तो उन्होंने इसे गंभीरता से सुना. उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर मीना ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए कि हर बच्चे की क्षमता और रुचि के अनुसार करियर काउंसलिंग कराई जाए. अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा 'माता-पिता अपने बच्चों से नियमित बातचीत करें. यह जानने का प्रयास करें कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं. बच्चों की पसंद और सपनों के अनुरूप दिया गया मार्गदर्शन ही उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगा.

> श्री मीना ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षित और प्रेरणादायक माहौल देना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने अभिभावकों से मिले अन्य सुझावों पर भी तुरंत अमल करने के निर्देश दिए.

## अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रालियां जब्त

**मुरैना, 1 अगस्त.** मध्यप्रदेश के मुरैना में शनिवार को पुलिस ने अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त किया है जबकि चालक मौके से फरार हो गए. पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को कुछ दिनों से शिकायतें मिल रहीं थीं कि मुरैना के न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप अवैध पत्थरों से भरी हुई ट्रैक्टर ट्रालियां की मंडी संचालित है. पुलिस ने एक योजनाबद्ध तरीके से पत्थर मंडी के चारों तरफ अन्य वाहनों के जरिए रास्ता बंद कर दिए थे.

# विधायक गोविंद सिंह को हाईकोर्ट से राहत, याचिका खारिज

**जबलपुर, 1 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोविंद सिंह के खिलाफ चुनावी हलफनामे में संपत्ति की कथित गलत जानकारी देने और तथ्य छिपाने के आरोपों पर दायर जनहित याचिका खारिज कर दी।**

एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी विवादों में सीधे रिट याचिका पोषणीय नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80-81 के तहत चुनाव को चुनौती देने का वैधानिक माध्यम इलेक्शन पिटीशन है। सागर जिले की सुरखी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी नीरज शर्मा ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि विधायक ने नामांकन के साथ दिए हलफनामें में चल-अचल संपत्ति की सही जानकारी नहीं दी। कोर्ट ने कहा कि चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिन के भीतर चुनाव याचिका दाखिल की जा सकती है।

# कॉलेजों में प्राध्यापकों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू

- उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए स्पष्ट निर्देश
- 12 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी करने के आदेश जारी

मप्र उच्च शिक्षा विभाग

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 अगस्त. मप्र के निजी महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति और समयबद्ध पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी अनुदान प्राप्त अशासकीय कॉलेजों के प्राचार्यों और शासी निकायों को पदोन्नति करने के निर्देश जारी किए हैं।**

बता दें उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कॉलेजों को प्राध्यापक के स्वीकृत रिक्त पदों पर निर्धारित शैक्षणिक अर्हता और नियमावली के तहत पदोन्नति प्रक्रिया 12 अगस्त तक पूरी करनी होगी। जिसके लिए विभाग ने संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ पीएचडी उपाधि या समकक्ष उच्च स्तरीय शोध कार्य प्रकाशित होना अनिवार्य है। वहीं स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढ़ाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव और शोध कार्य के मार्गदर्शन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। साथ ही समयबद्ध पदोन्नति के लिए सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित चयन के पश्चात कम से कम 20 वर्ष की सेवा पूर्ण होना अनिवार्य रहेगा। बता दें पदोन्नति प्रक्रिया के लिए 5 सदस्यीय विशेष समिति गठित की जाएगी। जिसमें कुलपति या उनके प्रतिनिधि, प्रबंधक वर्ग का सदस्य, विषय विशेषज्ञ और संस्था के प्राचार्य शामिल रहेंगे।

## बहन के सुसराल में युवक ने लगाई फांसी

**ग्वालियर 1 अगस्त.** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में एक युवक ने अपनी बहन के ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी की है. जानकारी के अनुसार युवक घर में नजर नहीं आया तो उसके जीजा ने उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों पर तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला. फांसी का पता उस समय चला जब इंदौर से मृतक की बहन वापस आई और पानी की मोटर चालू करने के लिए स्टोर रूम में पहुंची तो अंदर भाई की लाश फंदे पर लटकी हुई थी. मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है.

# भारतीय रेलवे में सख्ती, 5 ग्रुप 'ए' अधिकारियों पर गाज

## सेवा रिकॉर्ड और सतर्कता रिपोर्ट की समीक्षा के बाद समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश

**भोपाल, 1 अगस्त. भारतीय रेलवे ने भ्रष्टाचार, अक्षमता और अनुशासनहीनता के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए ग्रुप 'ए' के पांच अधिकारियों की समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश की है. रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय की समीक्षा समितियों ने भारतीय रेलवे स्थापना संहिता खंड-2 के नियम 1802 ( ए ) के तहत सार्वजनिक हित में यह अनुशंसा की है. यह प्रावधान मौलिक नियम 56 ( जे ) के समकक्ष है.**



रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार समीक्षा समितियों ने आईआरएचएस के दो एसएजी अधिकारियों, उत्तर रेलवे के आईआरएसई कैडर के एक जेएजी अधिकारी, उत्तर रेलवे के आईआरएसई के एक अन्य अधिकारी तथा पश्चिम रेलवे के आईआरटीएस कैडर के एक जेएजी अधिकारी की समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश की है. समीक्षा प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों के सेवा रिकॉर्ड का विस्तृत मूल्यांकन किया गया. इसमें वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), सत्यनिष्ठा रिकॉर्ड, सतर्कता संबंधी जानकारी, अनुशासनात्मक मामलों और अन्य सेवा अभिलेखों की जांच की गई. सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद समितियों ने सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों की समयपूर्व सेवानिवृत्ति की अनुशंसा की.

## विद्युत लोको शेड इटारसी में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद जयंती

**इटारसी.** राजभाषा कार्यान्वयन समिति, विद्युत लोको शेड इटारसी द्वारा हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रेमचंद के जीवन, व्यक्तित्व तथा साहित्यिक योगदान पर अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम में राजभाषा संपर्क अधिकारी एवं सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक सत्येंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे.

## मंदसौर में सिंथेटिक ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मंदसौर, 1 अगस्त. मंदसौर पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ( मेफेड्रोन ) ड्रग्स बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है.**

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में रसायन, निर्माण उपकरण और एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार सहित 25 लाख रुपये से अधिक की सामग्री जब्त की है. पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई और 1 अगस्त की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना सीतामऊ की विशेष टीम ने ग्राम मानपुरा स्थित मानपुरा-बड़ावदी रोड पर पानी की टंकी के पास एक खेत में बने टीन शेड पर दबिश दी.

# भोपाल में दूषित पेयजल पर कांग्रेस का हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 1 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजधानी भोपाल की पेयजल व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि शहरवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह विफल रही है. उन्होंने दावा किया कि शहर की जलापूर्ति में दूषित पानी की आपूर्ति से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है.**



जीतू पटवारी ने कहा कि बड़े तालाब और कोलार जलापूर्ति परियोजनाओं से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मौजूदगी सामने आई है. उनके अनुसार, बड़े तालाब से जुड़े लगभग 90 प्रतिशत तथा कोलार जलापूर्ति से जुड़े करीब 25 प्रतिशत नमूने निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे, जिससे व्यापक स्तर पर जल प्रदूषण की आशंका व्यक्त होती है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति राजधानी की जल प्रबंधन व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है और यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है.

> कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराने, जल गुणवत्ता की निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति, स्वास्थ्य शिविर और चिकित्सा सहायता की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के सुरक्षित पेयजल के अधिकार के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी.

# प्रथम पृष्ठ के शेष

## युवाओं को साधने भाजपा और कांग्रेस में छिड़ा रणनीतिक युद्ध

इसके अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे विश्वविद्यालयों में वेलकम फ्रेशर्स जैसे अभियानों के जरिए नए मतदाताओं से सीधे जुड़ें. साथ ही, युवाओं को विकसित वाइब्रेंट विलेज जैसी सरकारी पहलों से जोड़कर राष्ट्र-निर्माण का हिस्सा बनाया जा रहा है.

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में युवाओं के असंतोष को एक मजबूत राजनीतिक हथियार बना लिया है. भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल गांधी के अंदाज में आया आक्रामक बदलाव और युवाओं के मुद्दों पर उनकी बेबाकी विपक्ष की रणनीति का मुख्य स्तंभ बन गई है. राहुल अब बंद कमरों या पारंपरिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बजाय सीधे युवाओं के बीच जा रहे हैं. संसद से लेकर सड़क तक पेपर लीक, निजीकरण और सरकारी नौकरियों की कमी को लेकर केंद्र सरकार पर लगातार बेहद आक्रामक हमले कर रहे हैं. वे खुद को युवाओं के हक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में पेश कर रहे हैं. कांग्रेस अब युवाओं को केवल रोजगार का वादा नहीं कर रही, बल्कि गिग इकोनॉमी के अधिकारों के लिए कानून बनाने, अपरेंटिसशिप का अधिकार देने और डिजिटल राइट्स जैसे आधुनिक मुद्दों पर बात कर रही है.

बहरहाल, 2029 के लिए आरंभ हुई इस राजनीतिक जंग में दोनों ही पक्षों की अपनी-अपनी ताकतें और कमजोरियां हैं. जहां एक तरफ भाजपा के पास मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री मोदी की अपनी एक अलग ब्रांड वैल्यू और सरकारी तंत्र की ताकत है. वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी का सीधा संवाद और आक्रामक रुख युवाओं को आकर्षित तो कर रहा है, लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस आकर्षण को बूथ स्तर पर वोट में बदलने की है.

## ग्लासगो में भारत की जय हो

और नरेंद्र बरवाल अपने-अपने वर्गों के फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे. यदि इनमें से अधिकांश खिलाड़ी स्वर्ण जीतने में सफल रहते हैं तो भारत पदक तालिका में और ऊपर पहुंच सकता है. जूडो में उन्नति शर्मा ने महिला 63 किलोग्राम वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं पैरा एथलेटिक्स में रमेश शनमुगम पुरुष 1500 मीटर टी-54 स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे. दूसरी ओर महिलाओं की 10,000 मीटर रेस वॉक में भारत की रवीना गायकवाड़ को तीन रेड कार्ड मिलने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया. कॉमनवेल्थ गेम्स में शनिवार का दिन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दिनभर में कुल 44 स्वर्ण पदक स्पर्धाएं आयोजित हो रही हैं. इनमें बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, जूडो, ट्रैक साइक्लिंग और लॉन बॉल्स जैसी प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ी पदकों की मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं. भारतीय दल का मौजूदा प्रदर्शन यह संकेत दे रहा है कि इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहरा सकता है या उससे भी बेहतर परिणाम हासिल कर सकता है.

**सेमीफाइनल में पहुंचे खिलाड़ी:** साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास, अरुंधति चौधरी, जादुमणि सिंह, सचिन सिवाच, अंकुश पंघाल और नरेनर बरवाल सभी कामनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय मुक्केबाज हैं. इन सभी खिलाड़ियों ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में अपने-अपने भार वर्ग में फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए पदक पक्के किए हैं.

## दुनिया के विकास को गति दे रहे भारतीय युवा

देश में हवाई अड्डों के नाम अक्सर एक ही राजनीतिक परिवार तक सीमित रखे जाते थे, जबकि वर्तमान सरकार ने महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास और महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू जैसी विभूतियों को सम्मान देने की परंपरा शुरू की है. उन्होंने कहा कि देश के असली नायकों को सम्मान देना नई भारत की पहचान है. प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक विरासत को साथ लेकर चलना उनकी कार्यशैली की विशेषता है. उन्होंने आदिवासी महिलाओं द्वारा प्रस्तुत ढिमसा नृत्य और उसके विश्व रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परंपरा और प्रगति का सुंदर संगम है. मोदी ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं.

**विशेष पीएम स्वनिधि पखवाड़ा** | एक अगस्त से 15 अगस्त तक किया जा रहा आयोजित

# स्ट्रीट वेंडर को कर्ज देने 20 लाख आवेदन लिए जाएंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 अगस्त. पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने तथा शेष पात्र पथ विक्रेताओं तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग, द्वारा एक अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक विशेष पीएम स्वनिधि पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है.**

यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों एवं संबंधित सेंसेस टाउन में एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा. विशेष पखवाड़े के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स से 20 लाख नए आवेदन लिए जाएंगे, जिससे कि उन्हें रियायती कर्ज दिया जा सके.

आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर निर्धारित की गई है. अभियान के माध्यम से वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण, स्वरोजगार संवर्धन तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. प्रदेशभर में जनजागरूकता गतिविधियों, विशेष शिविरों, बैंक समन्वय बैठकों, हितग्राही संपर्क अभियानों तथा मीडिया एवं डिजिटल संचार गतिविधियों के माध्यम से अधिकतम पात्र पथ विक्रेताओं तक पहुंच बनाई जाएगी. विशेष पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार द्वारा 20 लाख नवीन आवेदन प्राप्त करने, लगभग 2 लाख पूर्व अस्वीकृत प्रकरणों के पुनरीक्षण, विशेष बैठकों के आयोजन, प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के साथ एकीकरण तथा ऋण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण को अभियान मोड में संचालित करने पर विशेष फोकस किया जाएगा. पात्र पथ विक्रेताओं के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नगरीय निकायों एवं बैंकों के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा.

> अभियान के तहत लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, क्रेडिट कार्ड आवेदनों को बैंकों को प्रेषित करने, स्वीकृत प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करने, क्रेडिट कार्ड सक्रियकरण बढ़ाने, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने तथा पथ विक्रेताओं और बैंकर्स के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया जाएगा. साथ ही अधिकतम हितग्राहियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संसाधन व्यक्तियों का चयन एवं स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा. मप्र ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं. प्रदेश में अब तक 10.30 लाख से अधिक पथ विक्रेता योजना से लाभान्वित हुए हैं. योजना के तहत 16.35 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2,802.84 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि का वितरण किया जा चुका है. इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14